# अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में दिनांक 11.06.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 11.06.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई व जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न निर्देश दिये गये।

1. समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा प्रस्तुत विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि जनपद में अब तक 1550 ग्रामों में सतत जलापूर्ति एन०सी०सी० लिमिटेड द्वारा की जा रही है किन्तु सत्यापन उपरान्त मात्र 1300 ग्रामों में सतत जलापूर्ति पायी गयी । बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि अवशेष ग्रामों में माह जून 2025 तक नियमित जलापूर्ति करना सुनिश्चित करायें।

   **(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

2. समीक्षा बैठक में प्रस्तुत विवरण पत्र के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि जनपद में 01.01.2025 से अब तक कुल 6400 शिकायतें आई.जी.आर.एस. (Integrated Grievance Redressal System- समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) पर प्राप्त हुए हैं जिससे यह परिलक्षित होता है कि जनपद में जल जीवन मिशन सम्बन्धी जन समस्याओं का निस्तारण संतोषजनक नहीं हो रहा है। बैठक में उपस्थित सभी सहायक अभियंताओं/अवर अभियंताओं तथा कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों का निरंतर भ्रमण करते हुए जल जीवन मिशन से संबंधित जन समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करते रहे तथा आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का गुणवत्तापरक अतिशीघ्र निस्तारण करें। परियोजना प्रबंधक एन.सी.सी. लिमिटेड को यह भी निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक से पूर्व आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करते हुए प्राप्त होने वाली शिकायतों की संख्या में अपेक्षानुसार कमी लाना सुनिश्चित करें।

   **(कार्यवाही– सहायक/अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

3. आई.जी.आर.एस. (Integrated Grievance Redressal System-समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जनपद में आई.जी.आर.एस. में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के अन्तर्गत शिकायतें प्राप्त होने की संख्या अत्यधिक है। फलस्वरुप बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण हरदोई को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड को नोटिस जारी करें।

   **(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

4. समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता/अवर अभियंता जल निगम (ग्रामीण) तथा कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक से पूर्व प्रति विकासखंड कम से कम पांच–पांच ग्रामों को हर घर जल प्रमाणित कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, सहायक/अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

Digitally signed by
ANUNAYA JHA
Date: 14-06-2025
14**(अनुनय झा)**
जिलाधिकारी
हरदोई।

## कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

**पत्रांक** 13086/ 97-70 /258 **दिनांकः** 17/6/25

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. परियोजना प्रबन्धक/ए०जी०एम०, एन0सी0सी0 लिमिटेड, हरदोई को अनुपालनार्थ।
5. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
हरदोई।